# खेल जगत



मैं अपनी बड़ी बहन के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहता था, और जब भी मेरे हाथ में गेंद होती थी तो मुझे उसके संघर्ष की याद आती थी।
– आकाश दीप

भारतीय गेंदबाज, मैच जीतने वाले प्रदर्शन को अपने बहन के नाम करते हुए।

**आज का खिलाड़ी** – मनु भाकर



पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली मनु भाकर को कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में जगह मिली है। 16 से 30 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए सोमवार को 35 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। मनु इसमें शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं जो दो व्यक्तिगत स्पर्धा में हिस्सा लेंगी।भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में अपने मैच जीतने वाले प्रदर्शन को अपनी बडी बहन को समर्पित किया।

## सपाट पिच और ड्यूक्स बॉल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है : गिल



बर्मिंघम, 7 जुलाई। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सपाट पिचों और ड्यूक्स गेंद का संयोजन इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है। इंग्लैंड को 336 रनों से हराने के बाद परिस्थितियों को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में गिल ने कहा, गेंदबाजो के लिए यह बहुत मुश्किल हो जाता है। जब विकेट से भी ज्यादा, गेंद बहुत जल्दी नरम और खराब हो जाती है। मुझे नहीं पता कि यह क्या है मौसम, विकेट या कुछ और लेकिन गेंदबाजों के लिए इन परिस्थितियों में विकेट लेना बहुत कठिन हो जाता है। एक टीम के रूप में, जब आपको पता होता है कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं, तो ऐसे में बहुत सी चीजें आपके नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं।

गिल ने एजबेस्टन में दो पारियों में 269 और 161 रन बनाने को लेकर कहा, कभी-कभी, विशेषकर जब आप कप्तान होते हैं, तो मुझे लगता है कि आपको उदाहरण पेश करना होता है ताकि जब भी कोई दूसरा खिलाड़ी उस स्थिति में हो, तो आप उस खिलाड़ी को निर्देश दे सकें। 'यही टीम को अभी चाहिए और आपको हमेशा अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं के बजाय टीम को पहले रखना चाहिए।' या कभी-कभी आप कुछ चीजे आजमाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप टीम को अपने से आगे रखते हैं, तो आप हमेशा सही दिशा में या सही रास्ते पर चलेंगे और यही मैं इस मैच में करना चाहता था। जब मैं मैदान पर हूं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। जब तक कोई अच्छी गेंद मुझे आउट कर देती है।

भारत की बल्लेबाजी की पूरी ताकत को देखने के बाद गिल ने मजाक में कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इंग्लैंड फिर से इतनी सपाट पिच बनाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें मध्य ओवरों के दौरान कुलदीप यादव की कलाई की स्पिन की कमी खलती है। उन्होंने कहा कि उनके लिए कुलदीप जैसी गुणवत्ता वाले गेंदबाज को बाहर रखना आसान नहीं था, लेकिन उन्हें लगा कि उन्हें थोड़ी गहराई की आवश्यकता है जो वॉशिंगटन सुंदर दे सकते थे और उन्होंने दी भी।

भारत को इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है। घरेलू पिचों पर स्पिन को मदद मिलती है और जब भारत बाहर खेलता है तो उसे हरी घास वाली पिच मिलती है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इससे हमें बहुत मदद मिली। मैं कहूंगा कि भारत में जब हम खेलते हैं तो अधिकतर टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं चलते। लेकिन सौभाग्य से जब हम यहां खेलते हैं तो ज्यादातर दिन हम बल्लेबाजी करते हैं और क्षेत्ररक्षण नहीं करते, इसलिए यह हमारे लिए अच्छा है। पहली पारी में भी, मुझे लगता है कि हमने लगभग 90 ओवर क्षेत्ररक्षण किया, जो लगभग एक दिन के बराबर है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा है। मुझे लगता है कि सीरीज में भी, आने वाले मैचों में अगर आप लगातार रन बनाने में सक्षम हैं और 400 या 300 के आसपास का स्कोर बनाते हैं, तो हम हमेशा खेल में बने रहेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कम से कम थोड़ी मदद तो मिलनी ही चाहिए। अगर गेंद कुछ कर रही है, तो आपको खेलने में मजा आता है। अगर आपको पता है कि मदद केवल 20 ओवर में ही मिलेगी और फिर आपको शेष दिन रक्षात्मक होकर यह सोचना है कि रन कैसे रोकें, तो खेल अपना सार खो देता है।

## भारत की पहली जीत के बाद बड़ा फेरबदल, वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की लेटेस्ट पॉइंट टेबल

बर्मिंघम, 7 जुलाई। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड को पटकनी देकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में अपनी पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इस दौरान इंग्लिश टीम को 336 रनों के बड़े अंतर से हराया। ये भारत की इतिहास में विदेशी जमीं पर सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में भी बदलाव हुआ है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप 2 में मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2 में से 2 मैच जीते हैं, 24 अंकों के साथ वह पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 1 मैच जीता है और एक मैच ड्रॉ खेला है। श्रीलंका के 16 अंक हैं। टीम इंडिया इस जीत के बाद तीसरे नंबर पर आ गई है। टीम इंडिया ने 1 मैच जीता और 1 हारा है। इस टेस्ट से पहले इंग्लैंड टॉप 2 में थी, लेकिन अब खिसककर चौथे नंबर पर आ गई है। भारत और इंग्लैंड के 12-12 अंक हैं।

## लॉर्ड्स टेस्ट से पहले इंग्लैंड कप्तान स्टोक्स ने मानी हार!



बर्मिंघम, 7 जुलाई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एजबेस्टन टेस्ट में नहीं खेले लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड को भारतीय टीम ने घुटनों पर ला दिया। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट 336 रनों से जीता। वहीं अब इस करारी हार के बाद इंग्लैंड की टीम में खौफ का माहौल है। बेन स्टोक्स दरअसल, बुमराह की वापसी को लेकर परेशान हैं।

उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ तैयारी करना ही नामुमकिन है।दरअसल, एजबेस्टन टेस्ट जीतने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि बुमराह 10 जुलाई से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे स्टोक्स इस बार से ज्यादा खुश नहीं थे कि उन्हें एक बार फिर बुमराह के बारे में सवालों के जवाब देने होंगे।

बेन स्टोक्स ने कहा कि, मैंने सोचा था कि मैं बिना जसप्रीत बुमराह के सवाल के प्रेस कॉन्फ्रेंस पूरी कर लूंगा। हम इतनी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं कि हमें पता है कि क्या सामना करना पड़ेगा। हम इसे ट्रेनिंग में भी लागू करते हैं। हम साइड आर्म गेंदबाजी के खिलाफ प्रैक्टिस करते हैं लेकिन वो बुमराह मैच में करते हैं वैसा प्रैक्टिस में कर पाना मुश्किल होता है।

**जसप्रीत बुमराह लॉर्ड्स में वापसी करेंगे तो क्या इंग्लैंड की टीम जोफ्रा आर्चर को उतारेगी?**

इस पर स्टोक्स ने कहा कि वो उनकी हालत देखकर ही कोई फैसला लेंगे। स्टोक्स का मनना है कि एक टीम के तौर पर इंग्लैंड को संतुलित रहना होगा, न तो जीत के बाद बहुत उत्साहित होना चाहिए और न ही हार के बाद बहुत निराश। उन्होंने कहा कि, हमने कुछ बेहतरीन जीत हासिल की हैं और कुछ बुरी हार भी देखी हैं। मुझे लगता है कि मैं और मेरी टीम इन उतार-चढ़ावों में संतुलित रहने में अच्छे हैं।

## पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे




मुम्बई, 7 जुलाई। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा है कि पृथ्वी शॉ घरेलू क्रिकेट में अब महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। महाराष्ट्र क्रिकेट के अध्यक्ष रोहित पवार ने कहा कि शॉ का अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल अनुभव कीमती है और टीम आने वाले सत्रों में 'पृथ्वी के इस नए सफर में पूरी मजबूती से साथ खड़ी' रहेगी। शॉ ने एक बयान में कहा, अपने करियर के इस पड़ाव पर महाराष्ट्र टीम से जुड़ना मेरे क्रिकेट करियर के विकास में मदद करेगा। मैं मुंबई क्रिकेट संघ का वर्षों से मिले अवसरों और समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। पिछले रणजी ट्रॉफी में टीम को सात में से केवल दो जीत मिली थी और वे अपने ग्रुप से क्वालिफाई नहीं कर सके। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के ग्रुप चरण में भी 3-3 के जीत-हार का रिकॉर्ड रहा। टीम पहले दौर में ही बाहर हो गई। लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी की एक-दिवसीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में वे विदर्भ से हार गए थे। शॉ ने 58 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 46.02 की औसत से 4556 रन बनाए हैं, लेकिन पिछले वर्ष उन्हें खराब फिटनेस और अनुशासन की कमी के चलते मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने आखिरी बार मुंबई के लिए दिसंबर 2024 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। लिस्ट-ए मुकाबलों में उनके नाम 55.72 की औसत और 125.74 के स्ट्राइक रेट के साथ 3399 रन हैं। टी-20 मैचों में उन्होंने 51.54 के स्ट्राइक रेट और 25.01 की औसत से 2902 रन बनाए हैं। वह आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में भी नहीं बिके थे। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने शॉ ने मुंबई से टीम बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा था। जून के आखिरी में एनओसी मिल गई थी। उस समय शॉ ने कहा था, अपने करियर के इस मोड़ पर मुझे एक और राज्य संघ के अंतर्गत पेशेवर क्रिकेट खेलने का एक अच्छा अवसर मिला है, जो मुझे एक क्रिकेटर के रूप में और अधिक विकसित होने में मदद करेगा।

## भारत की जीत में 7 अंक का रहा अहम योगदान

नई दिल्ली, 7 जुलाई। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बर्मिंघम में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की और इस जीत में सात अंक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्रिकेट के आंकड़ेविद श्रीकांत पोद्दार ने बताया कि इस जीत में सात अंकों की कहीं न कहीं प्रधानता दिखाई दी। यह मैच साल के सातवें महीने में खेला गया और इसका अंत 187वें दिन हुआ। पहली पारी में भारत ने 587 और दूसरी पारी में 427 रन बनाये। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये। पहली पारी में भारत के दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। आठवां और नौवां विकेट 574 के स्कोर पर गिरा। इंग्लैंड के भी दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। इंग्लैंड ने 407 के स्कोर पर नौवां और दसवां विकेट गंवाया।

श्रीकांत ने बताया कि इस मैच की सबसे बड़ी साझेदारी 303 रन की रही जोकि 387 के स्कोर पर टूटी। भारत ने पहले दिन की समाप्ति पर सात विकेट अपने हाथ में रखे और दूसरे दिन सात विकेट गंवाए और 277 रन बनाये। इंग्लैंड ने दूसरे दिन भी सात विकेट हाथ में रखते हुए 77 रन बनाये और तीसरे दिन सात विकेट गंवाए।

भारत ने मैच की दोनों पारी में कुल 1014 रन बनाये जिसका एक पारी का औसत 507 आता है। इस मैच में लंच से पहले सबसे ज्यादा रन तीसरे दिन बने जो 172 रन थे। श्रीकांत ने बताया कि इंग्लैंड की दूसरी पारी 271 रन पर सिमटी और भारत के दो गेंदबाजों ने इंग्लैंड के कुल 17 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में सात और आकाशदीप सिंह ने 10 विकेट लिए।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त



दुबई, 7 जुलाई। संजोग गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। संजोग गुप्ता सोमवार को आईसीसी के सातवें मुख्य कार्यकारी के तौर पर इस वर्ष जनवरी में पद छोडने वाले ज्योफ एलार्डिस का स्थान लेंगे। इससे पहले संजोग जियोस्टार में खेल और लाइव अनुभव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे।

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया है। संजोग के पास खेल रणनीति और व्यावसायीकरण का व्यापक अनुभव है, जो आईसीसी के लिए अमूल्य होगा। वैश्विक खेलों के साथ-साथ मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य की उनकी गहरी समझ, क्रिकेट प्रशंसकों के दृष्टिकोण और प्रौद्योगिकी के प्रति उनके जुनून के बारे में उनकी निरंतर जिज्ञासा के साथ मिलकर आने वाले वर्षों में खेल को आगे बढ़ाने की हमारी महत्वाकांक्षा में आवश्यक साबित होगी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ना और क्रिकेट को ओलंपिक में एक नियमित खेल के रूप में स्थापित करना है, दुनिया भर में इसका विस्तार करना और इसके मुख्य बाजारों में इसकी जड़ें गहरी करना है।

आईसीसी ने कहा, इस पद के लिए 25 देशों के उम्मीदवारों से 2500 से अधिक आवेदन आए थे, जो इस पद की अंतरराष्ट्रीय अपील और महत्व को दर्शाता है। उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े अगुवा से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ कॉर्पोरेट अधिकारी शामिल थे।

अपनी नियुक्ति को लेकर संजोग गुप्ता ने कहा, यह अवसर मिला सौभाग्य की बात है, खास तौर पर ऐसे समय में जब क्रिकेट अभूतपूर्व विकास के लिए तैयार है और दुनिया भर में लगभग दो अरब प्रशंसकों का जोशीला समर्थन प्राप्त है। यह खेल के लिए रोमांचक समय है क्योंकि प्रमुख आयोजनों का कद बढ़ रहा है, व्यावसायिक रास्ते बढ़ रहे हैं और महिलाओं के खेल जैसे अवसरों की लोकप्रियता बढ़ रही है। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट का शामिल होना और प्रौद्योगिकी अपनाने में तेजी से वृद्धि दुनिया भर में क्रिकेट के लिए बल-गुणक के रूप में कार्य कर सकती है।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

कोलंबो, 7 जुलाई। श्रीलंका ने गुरुवार से बंगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज में के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।श्रीलंकाई चयनकर्ताओं ने टीम ऑलराउंडर दासुन शनाका और चामिका करूणारत्ने को चुना है। दासुन शनाका लगभग एक साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल टी-20 में पदार्पण करने वाले 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक केवल चार मैच खेले है। टीम में ईशान मलिंगा को भी जगह दी गई हैं। बंगलादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम इस प्रकार है:- चैरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांडीमल, कुसल परेरा, कामिंदु मेंडिस, अविष्का फर्नांडो, दासुन शनाका, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महेश तीक्षणा, जेफरी वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, बिनुरा फर्नांडो और ईशान मलिंगा। श्रीलंका बनाम बंगलादेश पहला टी-20 मैच 10 जुलाई को पल्लेकेले, दूसरा मैच 13 जुलाई को दांबुला में तथा तीसरा मुकाबला 16 जुलाई को कोलंबो में खेला जायेगा।

## कनक ने लहराया भारत का परचम

लखनऊ, 7 जुलाई। लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। स्वाति ने महिला एकल एसयू-5 वर्ग में रजत, महिला युगल एसएल3-एसयू5 में स्वर्ण और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। एक से छह जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

सेंट जॉर्ज, 7 जुलाई। नेथन लायन और मिचेल स्टार्क (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन वेस्टइंडीज को 133 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिये गये 277 रनों के लक्ष्य जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सकी और उनकी पूरी टीम 34.3 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। कप्तान रॉस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाये। इसके आलवा शमार जोसेफ (24), शाई होप (17), ब्रैंडन किंग (14), अल्जारी जोसेफ (13) और केसी कार्टी (10) रन बनाकर आउट हुये। एंडरसन फिलीप 11 रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी में 60 और दूसरी परी में 30 रन बनाने वाले एलेक्स कैरी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## मुल्डर दक्षिण अफ्रीका के लिए तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



बुलवायो, 7 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट का इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाते हुए 334 गेंदों पर नाबाद 367 रनों की पारी खेलकर रिकार्ड बनाया। मुल्डर ने इस पारी में 49 चौके चार चार छक्के लगाते हुए 109.88 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 367 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बनने की उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले हाशीम अमला ने 2012 में नाबाद 311 रन बनाए थे। हालांकि वह ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गए। उन्होंने 297 गेंदों में अपना तिहरा शतक पूरा किया। उन्होंने दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक बनाया। पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिन्होंने 2008 में दखिण अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में तिहरा शतक बनाया था। लंच से पहले मुल्डर लैन हटन के 364 और गैरी सोबर्स के नाबाद 365 को पार कर गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में शीर्ष पांच व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों शूमार हो गए। उनसे ऊपर सिर्फ महेला जयवर्धने (374), ब्रायन लारा (375), मैथ्यू हेडन (380) और ब्रायन लारा (नाबाद 400) हैं।



## शाहपुरा खेल स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित

जयपुर, 7 जुलाई। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित "पंच गौरव" के तहत एक जिला एक खेल के अंतर्गत शाहपुरा स्टेडियम पर कबड्डी खेल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जिला खेल अधिकारी मानसिंह द्वारा कबड्डी खेल की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही राजस्थान सरकार के द्वारा खेलो में आउट ऑफ टर्न के द्वारा सीधी भर्ती की जानकारी दी। स्टेडियम में बालक वर्ग में कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की गई ।आयोजन में लगभग 200 खिलाड़ी उपस्थित थे। शाहपुरा खेल स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन क्रीडा प्रशिक्षण शिविर क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित किया गया था। खेल अधिकारी द्वारा नियमित प्रशिक्षणार्थियों को टी-शर्ट एवं प्रमाणपत्र दिए गए एवं खिलाड़ियों हेतु चने के कट्टे दिए। कार्यक्रम के दौरान अनेक एथेलेटिक्स,कुश्ती, कबड्डी खिलाड़ी एवं अल्पकालीन प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## भारतीय फुटबॉल टीम फीफा महिला विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई कर सकती है

नई दिल्ली, 7 जुलाई। भारतीय महिला फुटबॉल टीम इतिहास रचते हुए 22 साल बाद एएफसी महिला एशियन कप 2026 में जगह बनाई है। दरअसल, ब्लू टाइग्रेसेस ने थाईलैंड को 2-1 से हराकर अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला एशियाई कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं अब इस गौरवशाली पल के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि यही टीम 2027 फीफा महिला वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है। 2027 फीफा विमेंस वर्ल्ड कप के लिए क्लावीफाई कर सकती है भारतीय टीम? एएफसी महिला एशियाई कप 2026 में भाग लेने वाले 12 देशों में से एक के रूप में भारत के पास पहली बार फीफा महिला वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने और इतिहास रचने का बेहतरीन मौका है। यहां कुछ तथ्यों के आधार पर जानें ये कैसे मुमकिन हो सकता है- कुल 12 देशों को चार-चार के तीन ग्रुप में बांटा गया है। जिसमें हर टीम एक राउंड-रॉबिन खेलेगी। समूह विजेता, उपविजेता और दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

## अल्काराज, सबालेंका विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

लंदन, 7 जुलाई। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एंड्री रुबलेव और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मर्टेंस पर जीत दर्ज कर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गये मुकाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने दूसरे और तीसरे सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट को भुनाया और चौथे सेट में एक और ब्रेक के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन में चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अपने सर्वश्रेष्ठ विंबलडन प्रदर्शन की बराबरी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## महिला क्रिकेट में स्पेशल टास्क एडवोकेट टीम बनी चैम्पियन

जयपुर, 7 जुलाई। वीरांगना वेलफेयर के तत्वावधान में आयोजित वूमेन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 का जय क्लब में फाइनल हुआ।क्रिकेट प्रतियोगिता में महिला खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए खेल प्रतिभा का परिचय भी दिया। फाइनल मुकाबले पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंन्दूर टीम ने 8.3 ओवर में 36 रन बनाएं इसमें सर्वाधिक रन अनन्या 9 रन, शानू 5 रन, मनस्वी 1 रन, चारु 1 रन, यशस्वी 1 रन बनाए जिसमें स्पेशल टॉक एडवोकेट में गेंदबाजी करते हुए ईरान ने 2 ओवर 3 विकेट लिए सानिया ने दो बार में एक विकेट लिया रिद्धिमा ने एक ओवर में 1विकेट लिया स्पेशल टॉक एडवोकेट ने बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए आगे जिसमें सर्वाधिक सानिया ने रन 18 ,रिद्धिमा ने 10 रन, आरती 5 रन, ईरान 4 रन , माफिया 1 रन ने बनाए सिंन्दूर टीम में गेंदबाजी करते हुए यशस्वी ने 2 ओवर में एक विकेट लिए और मनस्वी ने 2 ओवर में एक विकेट लिया और शानू ने एक रन आउट किया स्पेशल टास्क एडवोकेट टीम विजय हुई मैन ऑफ द मैच सानिया रही। वूमेन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 के फाइनल के अवसर पर मुख्य अतिथि के उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी विश्नोई विशिष्ट बाबा यश शर्मा मौजूद रहे।अतिथियों ने कहा कि वीरांगना वेलफेयर का यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायक है। 3 जुलाई से 6 जुलाई 2025 तक जय क्लब, जयपुर में आयोजित हो था। इस चार दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग लिया । प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में खेली जा रही है, जिसमें कुल 9 मैच हुए । विजेता टीम को 21,000 का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया किया । वीरांगना वेलफेयर अध्यक्ष श्रीमती सीमा राठौड़ ने कहा, यह आयोजन महिला खिलाडियों के आत्मबल को मजबूती देगा और उन्हें खेल के जरिए समाज में नई पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करेगा। वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नारी शक्ति के जज्बे और संघर्ष का उत्सव है। वूमेन प्रीमियर क्रिकेट लीग सहयोग के रूप में अल्फा फीमेल राइडर्स, बाइक राइडर्स ग्रुप, अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा ट्रस्ट रहे।

## रोहित गावेनदर की घातक गेंदबाजी से जीती रेलवे क्रिकेट अकादमी



जयपुर, 7 जुलाई। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे सोनी कप में रेलवे क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 139/5 रन बनाए। जिसमें उत्कर्ष सैनी ने नाबाद 53 रन व उदय सिंह राजावत ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया। टीसीए क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में मोहन सैनी ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टी सी ए क्रिकेट अकादमी मात्र 40 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अधिकतम शिव ने 9 रनों का योगदान दिया। रेलवे क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में रोहित गावेनदर ने 6 विकेट व रिंकू ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच रोहित गावेनदर रहे।

रफीक जोया की घातक गेंदबाजी से जीती आर डी क्लब- दिन का दूसरा मैच आर डी क्लब व आर्यन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें आर डी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 99/6 रन बनाए। जिसमें अनिल कुमार ने 34 रन व विजय दारवाल ने 20 रनों का योगदान दिया। आर्यन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में सागर कुमावत को 2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट अकादमी 16.1 ओवर में 70 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें आयुष शर्मा ने 18 रन व सनी ने 15 रनों का योगदान दिया। आर डी क्लब की ओर से गेंदबाजी में रफिक जोया ने 4 विकेट व अनिल कुमार को 2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच रफीक जोया रहे।

## राजस्थान के वुशू खिलाड़ियों ने एशिया कप में जीते पदक




जयपुर, 7 जुलाई। वुशू फेडरेशन ऑफ़ एशिया के तत्वावधान में दिनांक 2 से 7 जुलाई 2025 तक जिलिन, चीन में आयोजित एशिया कप वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम में राजस्थान के खिलाडियों ने 01 रजत व 02 कांस्य पदक जीत राजस्थान प्रदेश व देश का मान बढाया।

हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ व अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि महक शर्मा ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक, जहान्वी मेहरा ने 56 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक व नीतिका बंसल ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीत प्रदेश का गौरव बढाया। राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच ने बताया कि महक शर्मा का फाइनल मुकाबले में चीन के खिलाडी बो जियांग से हार का सामना करना पडा तथा जहान्वी मेहरा का सेमीफाइनल मुकाबले में हांगकांग के खिलाडी चिंग चेन से तथा नीतिका बंसल का सेमीफाइनल मुकाबले में वियतनाम के खिलाड़ी गुयेन थिंगोकान्ह से कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। जहान्वी, नीतिका व महक के पदक जीतने पर राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने बधाई प्रदान की।